**NEWS CLIPPING:15.07.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY RELEASES INFORMATION BROCHURE FOR FOREIGN STUDENTS



**FARIDABAD(TIT NEWS):** Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad today released the University Foreign Student Information Brochure. The University has initiated the process for admission to various courses including Engineering, Science and Management under Foreign Student Category. The Information Brochure was released by the Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar in a program organized by the International Affairs Cell. Registrar Dr. S.K. Garg, Dean (Research) Dr. Rajesh Kumar Ahuja, Dean Academics Dr. Ashutosh Dixit, Director International Affairs Dr. Shilpa Sethi, Director Admissions Dr. Manisha Garg, Deputy Director Dr. Rajeev Saha and other officers of academic and International Affairs were present on this occasion. The Vice-Chancellor extended good wishes to the members of International Affairs for academic session 2022-23 and said that the University is striving to make its presence at International Level and ready to host International students from diverse cultures which may further contribute in improving the academic environment of the University. Dr. Shilpa Sethi apprised the Vice-Chancellor that the University has been receiving good response from the foreign students especially from Overseas Citizen of India (OCI) and children of Indian workers in Gulf countries. She informed that students under OCI category is already admitted from 2020. She further said that the University has made provision of 15 percent seats for foreign category in B.Tech Computer Engineering Program wherein 5 percent seats are reserved for OCI and children of Indian workers working in Gulf countries as per AICTE Guidelines. While detailing about the eligibility for admission under Foreign Category, Deputy Director, International Affairs, Dr. Rajeev Saha said that the candidates holding valid passport and citizenship of a country other than India or having OCI (Overseas Citizen of India) card or Children of Indian Workers in Gulf Countries are eligible for admission under Foreign Category. Further, he added that Non-Resident Indian (NRI) or Indian Citizen whose qualifying examination is from an International Board or Foreign University are not eligible under the Category. Dr. Saha informed that all foreign national candidates who receive a provisional admission offer letter to any programme in the University would have to obtain a valid Student Visa or Research Visa and bring all original documents to complete the admission process, without which no admission would be granted. The admission of foreign students will be made on merit basis of the qualifying examination and there will be no entrance examination, he added. Dr. Mamta Kathuria from International Affairs Cell added that the interested candidates can explore number of seats, eligibility criteria and fees in prospectus and apply through online application form still 16.08.2022. Details are available on the link: https://jcboseust.ac.in/International_Affairs_Cell/admission.html. The eligible students desirous of seeking admission under Foreign Category for various courses mentioned in prospectus for foreign students for the session 2022-23 may apply online through university website. Any enquiry regarding the said admission may be forwarded to email ia@jcboseust.ac.in or in person in the office of International Affairs Cell in the University, she added.

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.07.2022**

# THE TRIBUNE

## WORKSHOP ON BUILDING CODES

Faridabad: To make students aware about Energy Conservation Building Codes (ECBC) and ECO Niwas Samhita (ENS) in the state, the Haryana Renewable Energy Development Agency (HAREDA), in association with the Bureau of Energy Efficiency (BEE), Government of India, and JC Bose University of Science and Technology, YMCA, organised a two-day awareness workshop. Dr Jagdeesh Chaudhary, director, Balaji Educational Institutions, laid emphasis on the need for energy conservation in buildings.

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.07.2022**

## HADOTI ADHIKAR

# सिंगल यूज प्लास्टिक को जीवन शैली से बाहर करें छात्र : कुलपति प्रो. तोमर

## परिवार का प्रत्येक सदस्य कम से कम एक पेड़ लगाये : सिंघल

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 14 जुलाई। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छात्रों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे जीवन शैली से पूर्णतः बाहर करने का आह्वान किया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लायेगा।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन श्री कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।



विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने कृष्ण सिंघल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। कृष्ण सिंघल ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर लैगरस्ट्रोमिया का पौधा भी लगाया।

**NEWS CLIPPING:15.07.2022**

# PIONEER

# विदेशी छात्रों को सूचना विवरणिका जारी

## अंतरराष्ट्रीय छात्रों से सांस्कृतिक विविधता को मिलेगा बढ़ावाः कुलपति प्रो. तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूचना विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो.एसके तोमर ने अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (रिसर्च) प्रो. राजेश कुमार आहूजा, डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित, निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामले डॉ. शिल्पा सेठी, निदेशक (एडमिशन) डॉ. मनीषा गर्ग, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा और अकादमिक एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



जेसी बोस विश्व विद्यालय में विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी करते हुए।

कुलपति ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है तथा विवि को सांस्कृतिक विविधता का केन्द्र बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी के लिए तैयार है जोकि आगे चलकर विश्वविद्यालय के अकादमिक वातारण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। डॉ. शिल्पा सेठी ने कुलपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय को विदेशी छात्रों से विशेष रूप से ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों की श्रेणी दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी में छात्र पहले भी दाखिला ले चुके है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है, जिसमें एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार 5 प्रतिशत सीटें ओसीआई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विवि से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के पात्र नहीं है। डॉ साहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टूडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जायेगा और इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006



Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in



GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.07.2022**


# PIONEER

## पर्यावरण के लिए किचन गार्डनिंग को दें बढ़ावा : कुलपति

### पर्यावरण संरक्षण का सबसे आसान तरीका है पौधारोपण : डॉ सरिता गर्ग

### 'पौधा मेरा दोस्त' नामक पौधा वितरण अभियान का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जे.सी.** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने किचन गार्डनिंग के महत्व पर बल देते हुए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को खाद्य और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए किचन गार्डनिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इससे रसोई के कचरे का उपयोग खाद के रूप में करने से पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा।



जेसी बोस विश्व विद्यालय में पौधरोपण करते अतिथिगण।

प्रो. तोमर विवि के लेडीज क्लब द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जोकि विश्वविद्यालय द्वारा मनाये जा रहे हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं विश्वविद्यालय लेडीज क्लब की संरक्षक डॉ. सरिता गर्ग मुख्य अतिथि थीं। विवि आगमन पर प्रो. तोमर ने डॉ. सरिता गर्ग को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। डॉ सरिता गर्ग ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर पौधा भी लगाया।

किचन गार्डन के महत्व पर बोलते हुए प्रो. तोमर ने कहा कि किचन गार्डन ताजी सब्जियों की एक सस्ती, नियमित और आसान आपूर्ति सुनिश्चित करता है जो पोषण के लिए जरूरी हैं। प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय के पौधारोपण अभियान में सहयोग करने और भाग लेने के लिए लेडीज क्लब के सदस्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति और पौधों के प्रति लगाव रखना चाहिए। प्रो तोमर ने कहा कि प्रकृति के साथ लगाव एवं संवाद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधों से लगाव मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में बहुत बड़ा योगदान देता है।

सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सरिता गर्ग, जिनका आईओसीएल, फरीदाबाद में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में 29 वर्षों का कार्य अनुभव रहा है, ने कहा कि हम विभिन्न माध्यमों से प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए इनोवेशन और प्रौद्योगिकी पर काम कर रहे हैं जो काफी महंगा है। जबकि प्रकृति के संरक्षण में निवेश करने का सबसे आसान तरीका पौधारोपण है।

**NEWS CLIPPING:15.07.2022**

## HINDUSTAN

# 'किचन गार्डनिंग को बढ़ावा देने की जरूरत'

फरीदाबाद, संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरुवार को शिक्षकों एवं कर्मचारियों को किचन गार्डनिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि इससे रसोई के कचरे का उपयोग खाद के रूप में करने से पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा। प्रो. तोमर विश्वविद्यालय के लेडीज क्लब द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जो कि विश्वविद्यालय द्वारा मनाए जा रहे हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर वैज्ञानिक एवं विश्वविद्यालय लेडीज क्लब की संरक्षक डॉ. सरिता गर्ग मुख्य अतिथि थीं। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने डॉ. सरिता गर्ग को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

किचन गार्डन के महत्व पर प्रो. तोमर ने कहा कि किचन गार्डन ताजी सब्जियों की एक सस्ती, नियमित और आसान आपूर्ति सुनिश्चित करता है जो पोषण के लिए जरूरी हैं। प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय के पौधारोपण अभियान में सहयोग करने और भाग लेने के लिए लेडीज क्लब के सदस्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति और पौधों के प्रति लगाव रखना चाहिए।

**NEWS CLIPPING:15.07.2022**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विवि में विदेशी 16 अगस्त तक करें आवेदन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए बृहस्पतिवार को सूचना विवरणिका जारी किया गया। विदेशी छात्र श्रेणी के तहत इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में 16 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसकी जानकारी जानकारी वेबसाइट 2ww.jcboseust.ac.in पर उपलब्ध है। इस मौके पर डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय को विदेशी छात्रों से विशेष रूप से ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों की श्रेणी में दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसमें छात्र पहले भी दाखिला ले चुके हैं। विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है, जिसमें एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार 5 प्रतिशत सीटें ओसीआई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। संवाद